दिनांक 15.07.2024 समय 18.30

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- राज्यपाल कलराज मिश्र ने प्रदेश को समृद्ध, सम्पन्न और भ्रष्टाचार मुक्त बनाने के लिए सभी से मिलकर प्रयास करने की अपील की।
- कौशल भारत योजना के तहत एक करोड 46 लाख से अधिक लोगों को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया ।
- राज्य विभाधनसभा में हनुमानगढ जिले की भादरा नगरपालिका अध्यक्ष के उपचुनाव के मुद्दे पर हंगामा।
- प्रदेश के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश – अगले 4–5 दिन तक कोटा, उदयपुर संभाग में तेज बारिश की संभावना।

000

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि सभी लोक सेवक जनता से जुड़े कार्यों में ईमानदारी बनाए रखे। इसी से सरकारी प्रक्रिया में लोगों का विश्वास बना रह सकता है। श्री मिश्र आज जयपुर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के स्थापना दिवस पर संबोधित कर रहे थे। उन्होंने प्रदेश को समृद्ध, संपन्न और भ्रष्टाचार मुक्त राज्य बनाने के लिए सभी से मिलकर प्रयास करने का आह्वान किया। राज्यपाल ने कहा कि भ्रष्टाचार रोके जाने के लिए कोई व्यूह रचना बनाने की आवश्यकता है कि एक बार कोई पकड़ा जाए तो फिर कानूनन वह किसी स्तर पर छूटे नहीं। इस अवसर पर मुख्य सचिव सुधाश पंत ने कहा कि अधिकारियों को निर्णय तुरंत लेना चाहिए और तत्काल उसके क्रियान्वयन को भी सुनिश्चित किया जाए, इससे भ्रष्टाचार को काफी हद तक रोका जा सकता है। पुलिस महानिदेशक उत्कल रंजन साहू ने कहा कि लगभग सभी जिला मुख्यालयों पर भ्रष्टाचार निरोधक कार्यालय प्रभावी काम कर रहे हैं।

000

कौशल विकास और उद्यमिता मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि कौशल भारत योजना के अंतर्गत अब तक एक करोड 46 लाख से अधिक लोगों को कौशल विकास का प्रशिक्षण दिया गया है। नई दिल्ली् में आज विश्‍व युवा कौशल दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि कौशल विकास और उद्यमिता के क्षेत्र में भारत ने विशेष रूप से बेहतर कार्य किया है। इसी उद्देश्य से दस वर्ष पहले विशेष मंत्रालय का गठन किया गया था। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्षों में इस क्षेत्र में प्राप्त उपलब्धियों से सीख लेते हुए उनका मंत्रालय कुछ और समावेशी योजनाएं बनायेगा ताकि वर्ष 2047 में भारत विकसित राष्ट्र बनने में योगदान कर सके। उन्हो्ंने कहा कि इस वर्ष का विषय शांति और विकास है।

उन्होंने कहा कि शांति से ही विकास हो सकता है। इस अवसर पर श्री चौधरी ने उन युवाओं से विचार विमर्श किया जिन्होंने कौशल विकास का प्रशिक्षण लिया है। उन्होंने प्रशिक्षण देने वालों की भी सराहना की।

0000

गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा है कि राज्य सरकार ने पूर्ण बजट पेश करने के दूसरे दिन से ही उसे धरातल पर क्रियान्वित करने का कार्यक्रम शुरू कर दिया है। आज दौसा में मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि भजनलाल सरकार विजन के साथ काम कर रही है।

-------------------

राज्य के बजट की घोषणाओं को मूर्त रूप देने तथा अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किए जाने के उद्देश्य को लेकर सवाईमाधोपुर जिला प्रभारी सचिव संदीप वर्मा ने आज जिला अधिकारियों की बैठक ली । बैठक में सभी विभागों को बजट घोषणाओं को मूर्त रूप देने के लिए आपसी तालमेल और तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए गये।

--------------------

000

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी आज नागौर जिले के दौरे पर रहे। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के बाद अब जिला और मंडल समिति की बैठकें होंगी, जिसमें अगली कार्ययोजना और उप चुनाव को लेकर चर्चा की जाएगी। इस दौरान श्री जोशी ने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर उपचुनाव में मजबूती से काम करने को कहा।

-----------------

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से राजस्थान राज्य और अधीनस्थ सेवाएं संयुक्त प्रतियोगी आर.ए.एस. मुख्य परीक्षा–2023 इसी सप्ताह 20 और 21 जुलाई को ली जायेगी। परीक्षा दो पारियों में सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक और दोपहर ढाई बजे से शाम साढे पांच बजे तक होगी। परीक्षा के लिये अजमेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर में परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं। आयोग के सचिव ने बताया कि अभ्यर्थी इस परीक्षा के लिए आवंटित जिले की जानकारी एसएसओ पोर्टल से ले सकते हैं। परीक्षा के प्रवेश–पत्र आयोग की वेबसाइट और एसएसओ पोर्टल पर 17 जुलाई को जारी किए जाएंगे।

000

------------------

हनुमानगढ जिले की भादरा नगरपालिका में अध्यक्ष के उप चुनाव नहीं कराये जाने के मुद्दे पर आज कांग्रेस सदस्यों ने विधानसभा में जमकर हंगामा किया। शून्यकाल में नोहर से कांग्रेस विधायक अमित चाचाण ने स्थगन प्रस्ताव के जरिये यह मसला उठाया। उन्होंने कहा कि 8 जुलाई को नगर पालिका में उप चुनाव की घोषणा हो गयी थी। सभी पार्षद उप चुनाव के लिए पहुंच गये थे, लेकिन अचानक निर्वाचन अधिकारी अवकाश पर चले गये। उन्होंने कहा कि अभी भी उप चुनाव की तारीखों की घोषणा नहीं हुई है। श्री चाचाण का साथ देते हुए कांग्रेस के विधायक वैल में आ गये और नारे लगाने लगे। करीब 15 मिनट हंगामे के बाद कांग्रेस विधायक शांत हुए। सदन के बाहर मीडिया से बातचीत करते हुए संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने

कहा कि निर्वाचन अधिकारी की तबीयत खराब होने के कारण वो छुट्टी पर गये। इसका सरकार से कोई संबंध नहीं था और प्रतिपक्ष ने सदन में बेवजह हंगामा किया।

000

गृह राज्य मंत्री ने गिर्राज जी में मुड़िया पूर्णिमा मेले की तैयारी का भी जायजा लिया। उन्होंने मेले में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए सभी प्रकार की माकूल व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों के साथ पैदल परिक्रमा मार्ग का निरीक्षण किया। विभिन्न स्थानों पर लगाये जाने वाले भण्डारे, प्याऊ, यात्रियों के ठहराव और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिये। इस दौरान संभागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे ।

000

प्रदेश में वृक्षारोपण अभियान के तहत कई स्थानों पर पौधे लगाये गये। डूंगरपुर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने जिला अधिकारियों के साथ पौधरोपण किया। उन्होंने कलेक्ट्री परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सलूम्बर जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय करावली में पौध रोपण कर वृक्षारोपण महाअभियान का शुभारंभ किया। अभियान के तहत जिले के सभी स्कूलों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और आयुष आरोग्य मन्दिरों पर वृक्षासन योग के माध्यम से पौधारोपण किया जाएग। केकडी के राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में आज **"वृक्ष लगाओ जीवन बचाओ"** कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान स्कूल में वृक्षारोपण किया गया और छात्राओं को निःशुल्क पौधे वितरित किए गए। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और जागरूकता बढ़ाना है। **बूंदी** में एक पेड़ देश के नाम अभियान के तहत पौध रोपण किया गया।

प्रदेश के कई जिलों में हल्की से मध्यम वहीं कुछ स्थानों पर भारी बारिश हुई है। भीलवाड़ा में दोपहर बाद हुई तेज बारिश से लोगों को गर्मी और उमस से राहत मिली। सांचौर में भी तेज बारिश से कई इलाकों में जलभराव हो गया। बालोतरा की बायतू तहसील में हल्की बारिश हुई। बीकानेर के देशनोक में करीब एक घंटे पानी बरसा। इसके अलावा, अजमेर, कोटा, बूंदी, टोंक, बारां, जयपुर, नागौर, सीकर, झुंझुनू,

चुरू, भरतपुर, करौली, धौलपुर, दौसा, जोधपुर, पाली, सवाईधोपुर, हनुमानगढ, श्रीगंगानगर में भी कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के समाचार हैं। मौसम विभाग के अनुसार मानसून ट्रफ लाइन आज जैसलमेर, कोटा से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से पूर्वी राजस्थान के कई स्थानों पर आगामी 4–5 दिन मानसून सक्रिय रहने तथा कोटा, उदयपुर संभाग में कहीं–कहीं भारी बारिश होने की संभावना है। 17 और 18 जुलाई को बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने तथा कोटा, उदयपुर, अजमेर संभाग में कहीं–कहीं अति भारी बारिश होने की संभावना है।

17 से 19 जुलाई के दौरान जोधपुर और बीकानेर संभाग में कई जगह बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने तथा 18 जुलाई को कहीं–कहीं भारी बारिश बारिश के आसार हैं।

000

कोटा जिले में अलग अलग दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। कोटा जिले के इटावा में गैंता रोड पर करंट लगने से बिजली विभाग के एक कर्मचारी की मौत हो गई। ये कर्मचारी फीडर पर काम करते समय करंट की चपेट में आने से अचेत होकर नीचे गिर गया। बाद में उसने अस्पताल में दम तोड़ दिया। **एक** अन्य दुघर्टना में कोटा के बूंदी रोड पर तेज रफ्तार डम्पर ने बाइक सवार तीन युवकों को चपेट में ले लिया। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। कोटा कापरेन मार्ग पर निजी बस की टक्कर से मोटरसाईकिल सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई।

000

हनुमानगढ़ जिले के पीलीबंगा में पुलिस ने 320 ग्राम हेरोइन के साथ 2 तस्करों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से एक कार भी जब्त की है। पकड़ी गई हेरोइन की कीमत डेढ़ करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है। पीलीबंगा पुलिस थाना प्रभारी भूपसिंह सहारण ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान तलाशी में ये हेरोइन बरामद की गई। आरोपियों के विरूद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

000

केन्द्र सरकार ने राष्ट्रीय पशुधन मिशन के तहत पशुपालन में स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कार्यक्रम शुरू किया है। इसमें बकरीपालन, भेड़पालन, मुर्गीपालन के लिए 10 लाख से 50 लाख तक का अनुदान दिया जा रहा है। पशुपालन विभाग के उपनिदेशक डॉ. अमित पारीक ने केकडी में ये जानकारी दी।

000